**Series : PQS3R**

**SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/3/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट**

*(I)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।*

*(II)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(III)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।*

*(IV)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(V)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।* [ ]

**NOTE**

*(I)* *Please check that this question paper contains **27** printed pages.*

*(II)* *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III)* *Please check that this question paper contains **34** questions.*

*(IV)* *Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.*

*(V)* *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*

**खण्ड क** *– समष्टि अर्थशास्त्र*

**खण्ड ख** *– भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क
## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** किसी राष्ट्र में विदेशी मुद्रा की माँग को प्रभावित करने वाले कारक की पहचान कीजिए।

(सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

**विकल्प :**

(A) जापान में भारतीयों द्वारा किया गया निवेश

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) को वस्त्र निर्यात करने वाले भारतीय उत्पादक

(C) खाड़ी देशों से भारतीय श्रमिकों द्वारा प्रेषित धनराशि

(D) एक भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी द्वारा विदेशों को प्रदत्त सेवाएँ

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii)* *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v)* *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi)* *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## Macro Economics

**1.** Identify, the factor which influences the demand for foreign exchange in a country. *1*

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) Investments made by Indians in Japan

(B) Indian producers exporting fabrics to United States of America (USA)

(C) Remittances by Indian workers from Gulf countries

(D) An Indian software company providing services to clients abroad

**2.** दी गई तालिका के आधार पर, बेकर द्वारा की गई मूल्य वृद्धि का अनुमान लगाइए। *1*

(राशि ₹ करोड़ में)

| | कृषक | बेकर |
|---|---|---|
| कुल उत्पादन | 100 | 200 |
| मध्यवर्ती उपभोग | 0 | 50 |
| मूल्य वृद्धि | 100 | ...(i)... |

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) 200 (B) 250

(C) 100 (D) 150

**3.** निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* सरकार की ऋण आवश्यकताओं में प्रचलित ऋणों पर ब्याज भी सम्मिलित होता है।

*कारण (R) :* प्राथमिक घाटे को मापने का लक्ष्य प्रचलित राजकोषीय असंतुलन को सही करना होता है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

**4.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* सेवाओं के व्यापार में कारक आय व ग़ैर कारक आय दोनों के लेन-देन सम्मिलित होते हैं।

*कथन II :* चालू खाते में वस्तुओं, सेवाओं व एकतरफा हस्तांतरण से संबंधित लेन-देन सम्मिलित होते हैं।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

**2.** On the basis of the given table, estimate the value added by the Baker. *1*

(Amount in ₹ crore)

| | Farmer | Baker |
|---|---|---|
| Total Production | 100 | 200 |
| Intermediate Consumption | 0 | 50 |
| Value Added | 100 | ...(i)... |

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) 200 (B) 250

(C) 100 (D) 150

**3.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : *1*

*Assertion (A) :* Borrowing requirements of the government include interest obligations on debt as well.

*Reason (R) :* The goal of measuring primary deficit is to correct the prevailing fiscal imbalances.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**4.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Trade in services includes both factor income and non-factor income transactions.

*Statement II :* Current Account includes transactions related to goods, services and unilateral transfers.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**5.** मान लीजिए, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में, Y = 50 + 0·8Y + 100, जहाँ Y = राष्ट्रीय आय है।

निवेश गुणक (K) का मूल्य ________ होगा।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

**विकल्प :**

(A) 5 (B) 0·2

(C) 50 (D) 0·8

**6.** सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) के मूल्य की गणना करने के लिए सही सूत्र का चयन कीजिए : *1*

I. $\dfrac{\text{बचत में परिवर्तन } (\Delta S)}{\text{उपभोग में परिवर्तन } (\Delta C)}$

II. $\dfrac{\text{बचत में परिवर्तन } (\Delta S)}{\text{आय में परिवर्तन } (\Delta Y)}$

III. 1 – सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC)

IV. $\dfrac{\text{आय में परिवर्तन } (\Delta Y)}{\text{बचत में परिवर्तन } (\Delta S)}$

**विकल्प :**

(A) I, II, III और IV

(B) II और III

(C) केवल III

(D) केवल II

**7.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* आय के सम-स्तर (break-even level) पर, उपभोग वक्र की ढाल का मूल्य शून्य होता है।

*कथन II :* सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) से तात्पर्य आय में प्रति इकाई परिवर्तन पर उपभोग में परिवर्तन से है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

**5.** Suppose in a hypothetical economy, Y = 50 + 0·8Y + 100, where Y = National Income. *1*

The value of Investment Multiplier (K) would be ___________.

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) 5 (B) 0·2

(C) 50 (D) 0·8

**6.** Select the correct formula to calculate the value of Marginal Propensity to Save (MPS) : *1*

I. $\frac{\text{Change in Savings } (\Delta S)}{\text{Change in Consumption } (\Delta C)}$

II. $\frac{\text{Change in Savings } (\Delta S)}{\text{Change in Income } (\Delta Y)}$

III. 1 – Marginal Propensity to Consume (MPC)

IV. $\frac{\text{Change in Income } (\Delta Y)}{\text{Change in Savings } (\Delta S)}$

**Options :**

(A) I, II, III and IV

(B) II and III

(C) Only III

(D) Only II

**7.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* At the break-even level of income, the value of slope of the consumption curve is zero.

*Statement II :* Marginal Propensity to Consume (MPC) refers to the change in consumption per unit change in income.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**8.** स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, यदि सरकार विदेशी मुद्रा के संदर्भ में घरेलू मुद्रा की कीमत में कमी करती है तो, इसे मुद्रा का/की ____________ कहा जाता है।

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) अवमूल्यन  (B) मूल्यह्रास

(C) वृद्धि  (D) पुनर्मूल्यांकन

**9.** उस चर/उन चरों की पहचान कीजिए जो, किसी अर्थव्यवस्था की भावी उत्पादक क्षमता में वृद्धि कर सकता है/सकते हैं : *1*

I. कच्चा माल

II. स्थायी निवेश

III. उत्पादकों के पास उपलब्ध मालसूची (inventories)

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) II और III

(D) I, II और III

**10.** "किसी व्यक्ति द्वारा एक वस्तु का उपभोग करने से अन्य व्यक्तियों द्वारा उपभोग के लिए उपलब्ध मात्रा कम नहीं होती। ऐसी वस्तुओं का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्तख़ोर (free-riders) कहा जाता है।"

उपर्युक्त गद्य में इंगित वस्तुओं के प्रकार की पहचान कीजिए। *1*

**विकल्प :**

(A) सार्वजनिक वस्तुएँ

(B) निजी वस्तुएँ

(C) संयुक्त उद्यम वस्तुएँ

(D) स्व-उपभोग वस्तुएँ

**8.** Under the fixed exchange rate system, if the government decreases the value of domestic currency with respect to a foreign currency, it is known as __________ of currency.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

**Options :**

(A) Devaluation (B) Depreciation

(C) Appreciation (D) Revaluation

**9.** Identify the variable(s) which may add to the future productive capacity of an economy : *1*

I. Raw material

II. Fixed investment

III. Inventories with producers

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) Only I

(B) Only II

(C) II and III

(D) I, II and III

**10.** "Consumption of a good by a person does not reduce the amount available for consumption by others. Consumers consuming such goods are known as free-riders."

Identify the type of goods indicated in the above text. *1*

**Options :**

(A) Public goods

(B) Private goods

(C) Joint venture goods

(D) Self-consumption goods

**11.** (क) सकल घरेलू पूँजी निर्माण का अर्थ एवं इसके किन्हीं दो घटकों का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "किसी वस्तु का अंतर्निहित गुण नहीं अपितु उसकी आर्थिक प्रकृति यह निर्धारित करती है कि वह वस्तु अंतिम वस्तु होगी अथवा नहीं।"

दिए गए कथन की मान्य तर्कों द्वारा पुष्टि कीजिए। *3*

**12.** अन्य कारकों को स्थिर रखते हुए, यह समझाइए कि अपने देश में विदेशी पर्यटकों द्वारा किया गया खर्च और विदेशी छात्रों द्वारा फीस भुगतान विदेशी मुद्रा की माँग और आपूर्ति को कैसे प्रभावित करता है। *3*

**13.** यदि आय के संतुलन स्तर में ₹ 50,000 करोड़ की वृद्धि होती है तथा अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त आय का आधा भाग सदैव बचत के रूप में रखा जाता है, तो वृद्धिशील निवेश के मूल्य का अनुमान लगाइए। *4*

**14.** (क) उपयुक्त उदाहरणों द्वारा, राजस्व व्यय तथा पूँजीगत व्यय में अंतर स्पष्ट कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) उपयुक्त उदाहरणों द्वारा, राजस्व प्राप्तियों तथा पूँजीगत प्राप्तियों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *4*

**15.** "भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने साख राशि के प्रतिभूति मूल्य की पूर्व दर 70% से बढ़ाकर 90% करने का निर्णय लिया है।"

उपर्युक्त कथन के आलोक में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अपनाए गए मौद्रिक उपाय के प्रकार की पहचान कीजिए तथा अर्थव्यवस्था की समग्र माँग पर इस कदम के संभावित प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। *4*

11. (a) State the meaning and any two components of Gross Domestic Capital formation. *3*

**OR**

(b) "It is not the nature of a good, rather the economic nature of its use, which determines whether it is a final good or not."

Justify the given statement with valid arguments. *3*

12. Keeping other factors constant, explain how a spending of foreign tourists in the home country and fees payments of overseas students affect the demand and supply of foreign exchange. *3*

13. Estimate the value of incremental investment if, equilibrium level of income increases by ₹ 50,000 crore and half of additional income is always saved in the economy. *4*

14. (a) Distinguish between Revenue Expenditure and Capital Expenditure with the help of suitable examples. *4*

**OR**

(b) Using suitable examples, distinguish between Revenue Receipts and Capital Receipts. *4*

15. "The Reserve Bank of India (RBI) has decided to increase the loan amount to 90% of the security value, from the prior rate of 70%."

In the light of the above statement, identify the type of monetary measure exercised by the Reserve Bank of India (RBI) and its likely impacts on the Aggregate Demand of an economy. *4*

**16.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

ऐसी कोई भी संस्था जो जनता से जमा राशि स्वीकार करती है तथा ऋण प्रदान करती है, बैंक कहलाती है। बैकों को मुख्यत: निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है :

- वाणिज्यिक बैंक, और
- केन्द्रीय बैंक

वाणिज्यिक बैंक जनता से जमा स्वीकार करते हैं तथा इन जमाओं का उपयोग ऋण प्रदान करने के लिए करते हैं। बैंक जमा राशि का एक अंश संरक्षित रूप में रखते हैं। आमतौर पर, सभी जमाकर्ता एक ही समय पर अपने पैसे की माँग नहीं करते हैं। किसी राष्ट्र में साख सृजन नियंत्रण की ज़िम्मेदारी केन्द्रीय बैंक पर होती है। भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अपनी मौद्रिक नीति के माध्यम से भारत में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करता है।

उपर्युक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) बैंक के अर्थ का उल्लेख कीजिए। *1*

(ii) केन्द्रीय बैंक को वाणिज्यिक बैंकों से पृथक करने वाली किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। *2*

(iii) "खुले बाज़ार में परिचालन भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने के लिए उपयोग किया जाने वाला उपकरण है।"

मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*

**16.** Read the following passage carefully :

Any institution which accepts deposits from the public and advances loans is a bank. Banks are broadly categorised into :

- Commercial Banks, and
- Central Bank.

Commercial banks accept deposits from public and use these deposits for giving loans. Banks keep a fraction of deposits as reserves. Generally, all depositors do not demand their money at the same time. The Central Bank of a country is responsible for controlling credit creation. The Reserve Bank of India (RBI) regulates the money supply in India through its monetary policy.

On the basis of the above passage and common understanding, answer the following questions :

(i) State the meaning of a Bank. *1*

(ii) Mention any two traits that distinguish Central Bank from Commercial Banks. *2*

(iii) "Open market operation is the tool used by Reserve Bank of India (RBI) to regulate money supply in the economy."

Justify the given statement with valid arguments. *3*

**17.** (क) निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) व कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद ($GDP_{FC}$) के मूल्यों की गणना कीजिए : *3+3*

| *क्रम संख्या* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | किराया | 120 |
| (ii) | लाभ | 200 |
| (iii) | घरेलू आय | 720 |
| (iv) | मिश्रित आय | 70 |
| (v) | मजदूरी व वेतन | 300 |
| (vi) | अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| (vii) | उपदान | 50 |
| (viii) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 200 |
| (ix) | ब्याज | 30 |
| (x) | लाभांश | 120 |
| (xi) | विदेश से प्राप्त शुद्ध कारक आय | 20 |

**अथवा**

(ख) (i) "वस्तुओं व सेवाओं की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में वृद्धि का अर्थ अनिवार्य रूप से उस देश के लोगों के कल्याण में वृद्धि है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? वैध कारण द्वारा उत्तर का समर्थन कीजिए। *4*

(ii) पूँजीगत वस्तु को परिभाषित कीजिए। *2*

**17.** (a) Calculate National Income ($NNP_{FC}$) and Gross Domestic Product at Factor Cost ($GDP_{FC}$) from the following data : *3+3*

| *S. No.* | *Particulars* | *Amount (in ₹ crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Rent | 120 |
| (ii) | Profits | 200 |
| (iii) | Domestic Income | 720 |
| (iv) | Mixed Income | 70 |
| (v) | Wages and Salaries | 300 |
| (vi) | Indirect Taxes | 150 |
| (vii) | Subsidies | 50 |
| (viii) | Consumption of fixed capital | 200 |
| (ix) | Interest | 30 |
| (x) | Dividend | 120 |
| (xi) | Net factor income from abroad | 20 |

**OR**

(b) (i) "Increase in per capita availability of goods and services necessarily means rise in welfare of the people of that country."

Do you agree with the given statement ? Give valid reason in support of your answer. *4*

(ii) Define capital goods. *2*

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *1*

"1966 – 67 के मध्य, माओ ने इस आंदोलन की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत पेशेवरों व छात्रों को चीन के ग्रामीण इलाकों में कार्य करने व सीखने के लिए कहा गया था।"

उपर्युक्त गद्य के संदर्भ में सही विकल्प की पहचान कीजिए।

(A) कम्यून प्रणाली

(B) ग्रेट लीप फॉरवर्ड

(C) खुले द्वार की नीति

(D) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति

**19.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* पशुधन लघु व सीमांत कृषकों को वैकल्पिक आजीविका प्रदान करता है।

*कथन II :* ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन पूरे वर्ष स्थिर रोज़गार के अवसर प्रदान करता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

## SECTION B

## Indian Economic Development

**18.** Read the following text carefully : *1*

"Between 1966 – 67, Mao introduced this movement under which professionals and students were asked to work and learn from the countryside of China."

Identify the correct option with reference to the aforesaid text.

(A) Commune System

(B) Great Leap Forward

(C) Open Door Policy

(D) Great Proletarian Cultural Revolution

**19.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Livestock provides alternative livelihood options to small and marginal farmers.

*Statement II :* In rural areas, animal husbandry provides stable employment opportunities throughout the year.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**20.** संपूर्ण विश्व में राष्ट्र आमतौर पर ___________ के लिए क्षेत्रीय व वैश्विक आर्थिक समूहों की स्थापना करते हैं। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने

(B) स्वतंत्रता सुनिश्चित करने

(C) न्यायिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने

(D) बाकि राष्ट्रों पर नियंत्रण प्राप्त करने

**21.** भारत का तीव्र (सीढ़ीनुमा) शिक्षा पिरामिड यह दर्शाता है, कि ___________ । *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) सभी स्तरों पर विद्यार्थियों का समान वितरण है

(B) उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि है

(C) शिक्षित युवाओं में बेरोज़गारी कम है

(D) उच्च शिक्षा तक पहुँचने वाले लोगों की संख्या कम है

**22.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* उड़ीसा तट पर तटीय नहर जैसे संदर्भ में अंतर्देशीय जलमार्ग अलाभकारी साबित हुए थे।

*कथन II :* ब्रिटिश सरकार ने एक प्रभावी व कुशल प्रशासनिक व्यवस्था का पालन किया और प्रभावी कार्य संस्कृति की विरासत छोड़ी।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

**20.** Nations worldwide typically establish Regional and Global economic groups in order to ____________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Strengthen their economies

(B) Ensure liberty

(C) Promote judicial independence

(D) Gain control over other countries

**21.** The steep Indian education pyramid indicates ____________.

(Choose the correct option to fill in the blank) *1*

**Options :**

(A) Equal distribution of students across all levels

(B) Increase in number of people reaching higher education

(C) Low unemployment among educated youth

(D) Few/less number of people reaching higher education

**22.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Inland waterways proved to be uneconomical as in the case of Coast Canal on the Orissa coast.

*Statement II :* British government followed an effective and efficient administrative set-up leaving a legacy of effective work culture.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**23.** पाकिस्तान की निम्नलिखित घटनाओं को सही कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए : *1*

I. पूँजीगत वस्तु उद्योगों का राष्ट्रीयकरण

II. पाकिस्तान की स्थापना

III. आर्थिक सुधारों का आरंभ

IV. प्रथम पंचवर्षीय योजना की घोषणा

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) III, IV, I, II

(B) III, II, I, IV

(C) IV, III, II, I

(D) II, IV, I, III

**24.** निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* भारत में बेरोजगारी की समस्या बहुआयामी है।

*कारण (R) :* कुछ व्यक्ति पूरे वर्ष कार्यरत रहते हैं, जबकि अन्य व्यक्ति वर्ष में मात्र कुछ माह ही कार्यरत होते हैं।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

**25.** न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार द्वारा ___________ के हितों की रक्षा के लिए निर्धारित किया जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

**विकल्प :**

(A) उपभोक्ताओं (B) कृषकों

(C) थोक विक्रेताओं (D) बिचौलियों

**23.** Arrange the following events of Pakistan in correct chronological order : *1*

I. Nationalisation of capital goods industries

II. Establishment of Pakistan

III. Introduction of economic reforms

IV. Announcement of First Five Year Plan

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) III, IV, I, II

(B) III, II, I, IV

(C) IV, III, II, I

(D) II, IV, I, III

**24.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below :

Read them carefully and select the correct option : *1*

*Assertion (A) :* The unemployment problem in India is multifaceted.

*Reason (R) :* Some individuals work round the year, while others work only a few months in a year.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**25.** Minimum Support Price is fixed by the Government to safeguard the interests of the ___________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Consumers (B) Farmers

(C) Wholesalers (D) Middlemen

**26.** पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन आय का सूचक है। *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) मृत्यु दर

(B) कुपोषण

(C) प्रति व्यक्ति GDP

(D) रुग्णता दर

**27.** 1991 की नई आर्थिक नीति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए प्रयासों (उदारीकरण व निजीकरण) का मुख्य परिणाम __________ था। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) राजकोषीय नीति सुधार

(B) वैश्वीकरण

(C) मौद्रिक नीति सुधार

(D) उत्पादों का आरक्षण

**28.** "हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन के संदर्भ में आत्मनिर्भर बना दिया है।"
मान्य तर्कों द्वारा उपर्युक्त कथन की पुष्टि कीजिए। *3*

**29.** (क) विश्व व्यापार संगठन (WTO) के महत्त्वपूर्ण सदस्य के रूप में भारत की भूमिका की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) भारत की योजना अवधि के दौरान, सरकार द्वारा प्रारंभ की गई औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। *3*

**30.** (क) भारत में मानव पूँजी निर्माण की दक्षता वृद्धि करने में सरकार की भूमिका का वर्णन कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) "परंपरागत ज्ञान व प्रथाएँ अभी भी धारणीय विकास सुनिश्चित करने में उपयोगी हैं।"
क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण दीजिए। *4*

**26.** Identify, which of the following is an income indicator. *1*

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) Mortality rate

(B) Malnourishment

(C) GDP per capita

(D) Morbidity rate

**27.** The primary outcome of the efforts initiated by the Indian Government (Liberalisation and Privatisation) under the New Economic Policy of 1991 was __________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Fiscal policy reforms

(B) Globalization

(C) Monetary policy reforms

(D) Reservation of products

**28.** "Green Revolution has made India self-reliant with respect to food grains production."

Justify the given statement with valid arguments. *3*

**29.** (a) Describe the role which India has played as an important member of World Trade Organisation (WTO). *3*

**OR**

(b) Critically appraise the Industrial Licensing policy initiated by the government during the planning period of India. *3*

**30.** (a) Describe the role of government in improving the efficiency of human capital formation in India. *4*

**OR**

(b) "Traditional knowledge and practices are still applicable in ensuring sustainable development."

Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid reasons. *4*

**31.** दिए गए आँकड़ों के आधार पर, भारत व पाकिस्तान के मध्य विभिन्न क्षेत्रों (1980 – 2018) में उत्पादन वृद्धि की प्रवृत्तियों पर टिप्पणी कीजिए। *4*

| राष्ट्र | 1980 – 90 | | | 2014 – 18 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कृषि | उद्योग | सेवाएँ | कृषि | उद्योग | सेवाएँ |
| भारत | 3·1 | 7·4 | 6·9 | 3·1 | 6·9 | 7·6 |
| पाकिस्तान | 4 | 7·7 | 6·8 | 1·7 | 4·8 | 5·0 |

**32.** (क) व्याख्या कीजिए कि, किस प्रकार वस्तु व सेवा कर (GST) ने वस्तुओं व सेवाओं पर आरोपित करों की बहुलता का सरलीकरण किया है। *2*

(ख) कृषि के व्यवसायीकरण के अर्थ का उल्लेख कीजिए। *2*

**33.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

वर्तमान समय में, हरित निवेश व धारणीयता, सार्वजनिक नीतियों में प्राथमिकताएँ हैं। जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर भारत एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है।

भारत ने भविष्य के लिए समाधान खोजने का संकल्प लिया है। सरकार ने धारणीय विकास से संबंधित विभिन्न नीतियों व उपायों को लागू करके आर्थिक विकास को बनाए रखने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने स्वच्छ वायु प्रदान करने में सक्रिय रूप से योगदान दिया है। जल सुरक्षा हासिल करने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन प्रारंभ किया गया था।

ग्रीनहाऊस प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो, पृथ्वी की सतह को गर्म करती है, जहाँ कुछ वायुमंडलीय गैसें, जिन्हें ग्रीनहाऊस गैसों के रूप में जाना जाता है, सूर्य से गर्मी को रोकती हैं और इसे पुन: उत्सर्जित करती हैं, जिससे ग्रह, जीवन को सहारा देने के लिए पर्याप्त गर्म रहता है। वर्तमान समय में ग्रीनहाऊस गैसों व पृथ्वी के बढ़ते तापमान का मुद्दा एक वैश्विक चिंता का विषय है।

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भारत में धारणीय विकास प्राप्त करने में सम्मिलित किन्हीं दो कदमों पर चर्चा कीजिए। *3*

(ख) पर्यावरण की धारणीय क्षमता को चुनौती देने वाले किन्हीं दो कारकों का उल्लेख कीजिए। *2*

(ग) 'ग्रीनहाऊस प्रभाव' को परिभाषित कीजिए। *1*

**31.** On the basis of the given data, comment on trends of output growth in different sectors (1980 – 2018), between India and Pakistan. *4*

| Country | 1980 – 90 | | | 2014 – 18 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Agriculture | Industry | Services | Agriculture | Industry | Services |
| India | 3·1 | 7·4 | 6·9 | 3·1 | 6·9 | 7·6 |
| Pakistan | 4 | 7·7 | 6·8 | 1·7 | 4·8 | 5·0 |

**32.** (a) Explain how Goods and Services Tax (GST) has simplified the multiplicity of taxes imposed on goods and services. *2*

(b) State the meaning of Commercialisation of Agriculture. *2*

**33.** Read the following passage carefully :

In the present times, green investment and sustainability are priorities in public policy. India has emerged as a global leader at the front of the climate change.

India has pledged to seek solutions for the future. The government has contributed to maintain economic growth by implementing various policies and measures relating to sustainable development. Pradhan Mantri Ujjwala Scheme has actively contributed to cleaner air. The Jal Jeevan Mission was launched with the objective of achieving water security.

The greenhouse effect is a natural process that warms the Earth's surface, where certain atmospheric gases, known as greenhouse gases, trap heat from the sun and re-emit it, keeping the planet warm enough to support life. In the present times, the issue of greenhouse gases and rising temperature of the Earth are a global concern.

On basis of the above passage and common understanding, answer the following questions :

(a) Discuss any two steps involved in attaining sustainable development in India. *3*

(b) Mention any two factors which challenged the carrying capacity of the environment. *2*

(c) Define Greenhouse effect. *1*

**34.** (क) (i) "सूचना प्रौद्योगिकी, धारणीय विकास व खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।"
दिए गए कथन की वैध तर्कों द्वारा पुष्टि कीजिए। *4*

(ii) उपयुक्त उदाहरण द्वारा 'स्वरोज़गार श्रमिकों' के अर्थ का उल्लेख कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) (i) उपयुक्त उदाहरण द्वारा औपचारिक व अनौपचारिक क्षेत्र में अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

(ii) श्रमिक जनसंख्या अनुपात की महत्त्व सहित परिभाषा दीजिए। *3*

**34.** (a) (i) "Information Technology plays a very significant role in achieving sustainable development and food security."

Justify the given statement with valid arguments. *4*

(ii) State the meaning of 'self-employed worker' with suitable example. *2*

**OR**

(b) (i) Distinguish between formal and informal sector with suitable examples. *3*

(ii) Define worker population ratio with its significance. *3*